# आइआइएम ने मनाया स्थापना दिवस

**जासं, रांची :** भारतीय प्रबंधन संस्थान रांची ने अपने नए परिसर में 14वां स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक पीएम प्रसाद, बोर्ड आफ गवर्नर्स के अध्यक्ष प्रवीण शंकर पंड्या, आइआइएम रांची के निदेशक प्रो दीपक कुमार श्रीवास्तव, ओम प्रकाश सिंघानिया, बोर्ड आफ गवर्नर्स, आइआइएम रांची के सदस्य, और प्रो प्रदीप कुमार बाला, डीन, अकादमिक मामले और विकास मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और प्रार्थना के साथ हुई, जिसके बाद राष्ट्रीय गीत गाया गया। डा प्रदीप कुमार बाला ने आइआइएम रांची के इतिहास का परिचय दिया। उन्होंने बताया कि संस्थान ने पिछले 13 वर्षों में कैसे विस्तार किया और वर्तमान में राष्ट्रीय संस्थान रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआइआरएफ) पर 15वें स्थान पर है। कार्यक्रम के बारे में बताया कि संस्थान एमबीए, एमबीए बीए और एमबीए एचआरएम पाठ्यक्रम के साथ साथ कार्यकारी और आइपीएम पाठ्यक्रम, एनआइआरएफ रैंकिंग और आइआइएम रांची में असाधारण संकाय प्रदान करता है। संस्थान के निदेशक प्रो दीपक श्रीवास्तव ने परिसर और संस्थान के आगे के विकास में छात्रों की भागीदारी की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि हम न केवल प्रबंधन सिखाते हैं बल्कि उन्हें जिम्मेदार प्रबंधकों के रूप में तैयार करते हैं। राष्ट्रीय महत्व के संस्थान के रूप में आइआइएम रांची सुधार के प्रयासों में स्थानीय समुदाय की सहायता करने के लिए बाध्य है। संस्थान उद्योगों के लिए समाज और पर्यावरण के साथ सामंजस्यपूर्ण सह अस्तित्व की आकांक्षा रखता है। इसके बाद बोर्ड आफ गवर्नर्स के अध्यक्ष प्रवीण शंकर पंड्या ने छात्रों को संबोधित किया। उन्हें एक उद्यमी बनने और नौकरी खोजने वाले की बजाय नौकरी देने वाले बनने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि संस्थान ने देश भर में और विशेष रूप से झारखंड में उच्च शिक्षा में गुणवत्ता को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। संस्थान ने विशेष रूप से आम जनता और स्थानीय संगठनों के लाभ के लिए बहु विषयक अनुसंधान करने के लिए उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किए हैं।

स्थापना दिवस पर प्रस्तुति देते प्रतिभागी • जागरण

Dainik Jagran_16.12.2022_4